तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 5 जुलाई 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 कोसा की पहचान देश-विदेश में, मिलकर करेंगे बेहतरी के लिए कार्य : छिकारा









## खबर संक्षेप

### चिस्दा में प्रवेश परीक्षा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 7 तक

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय अनुसूचित जाति कन्या क्रीड़ा परिसर चिस्दा (हसौद) जिला सक्ती में प्रवेश परीक्षाफार्म जमा करने की अंतिम तिथि 7 जुलाई तक निर्धारित की गई है। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा जिला सक्ती में संचालित 100 सीटर अजा कन्या क्रीड़ा परिसर में रिक्त 52 सीटो के विरूद्ध प्रवेश प्रकिया होगी तथा प्रवेश परीक्षा 8 जुलाई व 9 जुलाई को कन्या क्रीड़ा परिसर चिस्दा में सुबह 9 बजे से शारीरिक दक्षता का मूल्यांकन कर प्रवीणता के आधार पर चयन किया जायेंगा।

### नवागढ़ ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कनई का मामला

# मशरूम खाकर दर्जन भर लोग हुए बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में एक ही परिवार के 12 सदस्यों को फूड पॉइजनिंग हो गया। बताया जा रहा है कि सभी की मशरूम खाने से तबीयत बिगड़ गई। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें 3 बच्चे 1 महिला सहित 4 की हालत गंभीर बनी हुई है। मामला नवागढ़ विकासखंड के कनई गांव का है।

इस संबंध में अस्पतालीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार 4 जुलाई की दोपहर 12 बजे नवागढ़ ब्लाक के अंतर्गत ग्राम कनई निवासी एक ही परिवार दर्जन भर सदस्यों ने मशरूम की सब्जी खाई थी।

वहीं तीन बजे सभी को उल्टी और सीने में दर्द होने लगी। इसके बाद 108 को सूचना दी गई। सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार जारी है। इधर मामले की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग का अमला तुरंत हरकत में आया। इसके बाद नवागढ़ बीएमओ एवं उनकी टीम के द्वारा मामले की जानकारी मिलते ही पीड़ित परिवारों का हाल चाल जानने के लिए गांव की ओर रवाना हुई। वहीं आसपास के लोगों से मामले को लेकर पूछताछ भी की गई। इधर ग्रामीणों ने बताया कि मशरूम खाने के बाद एकही परिवार के दर्जन भर सदस्यों की तबीयत बिगड़ गई। इसकी जानकारी 108 को दी गई। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गांव में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। साथ ही साथ लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी ली जा रही है। इसमें तीन बच्ची, चार महिला, पांच पुरुष शामिल हैं। कुल 12 सदस्य में से तीन बच्ची और एक महिला की हालत गंभीर है।



घायलों को अस्पताल ले जाते परिजन।



अस्पताल में भर्ती मरीज।

### ये लोग हुए बीमार

गुरुवार 4 जुलाई की दोपहर 12 बजे नवागढ़ ब्लाक के अंतर्गत ग्राम कनई निवासी एक ही परिवार दर्जन भर सदस्यों ने मशरूम की सब्जी खाई थी। इनमें कुसुम लता उम्र 33 वर्ष, अमर कुमारी उम्र 23 वर्ष, ननकी नोनी उम्र 70 वर्ष, रामकृपाल उम्र 72 वर्ष, गेंदराम उम्र 40 वर्ष, आरती उम्र 9 वर्ष, ज्योति उम्र 13 वर्ष, पूजा उम्र 13 वर्ष, रजनी उम्र 35 वर्ष, छतराम उम्र 35 वर्ष, कृष्णा उम्र 25 वर्ष और महेश उम्र 19 वर्ष की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### किया जा रहा उपचार

मशरूम खाने के बाद एक ही परिवार के 12 लोगों की तबीयत खराब होने की जानकारी मिली है। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार चिकित्सकों के माध्यम से किया जा रहा है। मामले की जानकारी मिलने ही स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंच गई।

-डॉ. नरेश साहू
बीएमओ, नवागढ़

# शैक्षिक समन्वयकों का सामूहिक इस्तीफा वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कामकाज का बोझ बताकर सामूहिक इस्तीफा देने वाले बलौदा ब्लाक के शैक्षिक समन्वयकों का मन दूसरे ही दिन बदल गया। दरअसल इस मामले को लेकर बीआरसी ने उनकी बैठक बुलाई। जहां कार्यभार के आदेश और अन्य मुददों पर हुई चर्चा के बाद उन्होंने लिखित आवेदन देकर अपना इस्तीफा वापस ले लिया है।

गौरतलब है कि बलौदा ब्लाक के 20 शैक्षिक समन्वयकों ने बुधवार 3 जुलाई को सामूहिक इस्तीफा दिया था। उन्होंने शैक्षिक समन्वयक के पद से मुक्त करने ब्लाक व जिला समन्वयक समग्र शिक्षा को ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। इधर इस मामले को लेकर बलौदा ब्लाक के समन्वयक अर्जुन सिंह क्षत्रिय ने त्याग पत्र देने वाले समस्त शैक्षिक समन्वयकों की बैठक ली। गुरूवार 4 जुलाई को बीआरसी कार्यालय बलौदा में उनकी बैठक हुई। जहां उनके कर्तव्यों के निवर्हन और दायित्वों को लेकर कार्यभार दिनांक को मिले आदेश के बारे में चर्चा हुई। साथ ही कुछ समन्वयकों की शिकायतों व समस्याओं का निराकरण भी किया गया। जिसके उपरांत सभी शैक्षिक समन्वयकों ने जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा को आवेदन देकर सामूहिक त्याग पत्र को वापस ले लिया।





खबर संक्षेप

## सिंधी समाज द्वारा मनाया जाएगा चालिहो महोत्सव



**अकलतरा।** पूज्य सिंधी पंचायत के द्वारा बैठक का आयोजन सिंधी धर्मशाला में किया गया। बैठक में इस वर्ष भी 20 जुलाई से 28 अगस्त तक 40 दिवसीय चालिहो महोत्सव का आयोजन करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष केके चंदवानी एवं उपाध्यक्ष नरेश हरगुनानी ने बताया कि नगर में सिंधी समाज के द्वारा चालिहो महोत्सव के आयोजन का यह नवम वर्ष है। चालिहो महोत्सव का शुभारंभ 20 जुलाई को चकरभाठा के संत लाल दास महाराज के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया जाएगा। इस दौरान पूज्य सिंधी पंचायत, झूलेलाल सेवा समिति एवं झूलेलाल महिला सेवा समिति अकलतरा के संयुक्त तत्वाधान में 20 अगस्त को सामूहिक जनेऊ संस्कार का आयोजन भी किया जाएगा। चालिहो महोत्सव के समापन अवसर पर 28 अगस्त को सिंधी समाज के द्वारा सुबह 11:00 भगवान झूलेलाल एवं अखंड ज्योति की पूजा अर्चना की जाएगी,दोपहर 1:00 बजे लंगर का आयोजन किया जाएगा एवं शाम 5 बजे अखंड ज्योति के साथ शोभा यात्रा निकालकर अखंड ज्योति का विसर्जन किया जाएगा। बैठक के दौरान सिंधी धर्मशाला के पास निर्माणाधीन भगवान झूलेलाल मंदिर के निर्माण कार्यों की समीक्षा भी की गई। बैठक में पूज्य सिंधी पंचायत के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## दुकानदारों को कपड़े की बनी थैलियों का वितरण किया



**अकलतरा।** इंटरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे पर 3 जुलाई को लायंस क्लब ऑफ अकलतरा सिटी द्वारा अकलतरा के सब्जी मार्केट एवं उसके आसपास की दुकानों पर कपड़े की बनी थैलियों का वितरण किया गया एवं दुकानदारों से अपील की गई की प्लास्टिक की बनी हुई सिंगल यूज में आने वाली थैलियों का विरोध कर कपड़े अथवा अन्य विघटित होने वाली सामग्रीयो से बने थैलियों का प्रयोग करें ताकि वातावरण एवं पर्यावरण सुरक्षित हो व प्रदूषण मुक्त हो साथ ही साथ उन्होंने दुकानदारों एवं ग्राहकों को प्लास्टिक की थैलियां से होने वाले नुकसान व बीमारियों से भी अवगत कराया एवं दोबारा उसका उपयोग न करने हेतु वचनबद्ध किया । कार्यक्रम में अकलतरा लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन गगन सिंघानिया, लायन मुकेश केडिया, लायन नरेश केडीया, लायन चंद्रशेखर बगड़िया, लायन नानक चंद अग्रवाल, लायन लक्ष्मी कांत जैन, लायन मदन ताम्रकार, लायन राजेन्द्र शर्मा एवं अन्य लायन सदस्य गण उपस्थित थे ।

### बिजली विभाग की लचर व्यवस्था से मोहल्लेवासी परेशान

# बांस बल्ली व जर्जर केबल के सहारे लोगों के घरों तक पहुंच रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

ग्राम पंचायत सिलादेही के सड़कपारा में बांस बल्लियों के सहारे लोगों के घरों तक बिजली पहुंच रही है। इसके चलते हरपल हादसों की संभावना बनी हुई है। जिम्मेदार विद्युत विभाग का अमला व्यवस्था बनाने गंभीर नहीं है।

बिजली विभाग अपने सभी कार्यशैली को स्मार्ट बन रही है, लेकिन धरातल पर कामकाज अभी आधा अधूरा ही है। आलम यह है कि कुछ इलाकों में बांस के खंबे से बिजली की तार अटकी है। ऐसा ही एक बड़ा मामला बम्हनीडीह कनिष्क यंत्री कार्यालय के बिर्रा सबस्टेशन से निकाल कर सामने आया है, जहां सिलादेही के वार्ड नंबर 15 मुख्य मार्ग सड़कपारा में सड़क के समीप लगा खुला ट्रांसफार्मर व मोहल्ले में विद्युत सप्लाई के लिए बिछाए गए कटे-फटे जर्जर केबल किसी बड़े हादसे को आमंत्रित कर रहा है। ट्रांसफार्मर में लगा केबल जगह-जगह कटा हुआ है जिसके आपस में जुड़ने से शॉर्ट सर्किट का खतरा बना हुआ है। साथ ही जमीन के समक्ष लटक रहा है, कुछ जगहों पर जर्जर केबल जमीन पर गिरा हुआ है जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है और विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी मूकदर्शक बने हैं। मोहल्लेवासियों का कहना है कि कई बार विभागीय



बांस बल्ली के सहारे बिजली सप्लाई।

अधिकारी को इसकी सूचना दी लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है और आसपास के लोगों को जान का खतरा बना हुआ है। बांस के सहारे विद्युत सप्लाई मुख्य मार्ग सिलादेही सड़कपारा मोहल्ले में लगे 65 केवीए के ट्रांसफार्मर से इस मोहल्ले के कई दर्जनों घरों तक बांस के सहारे बिजली आपूर्ति कराई जा रही है, जो विभागीय लापरवाही को दर्शाता है। बिजली के तार बांस के खंबे से लटक रहा है। कुछ लोगों की जमीन व बाड़ी भी ट्रांसफार्मर के आसपास है जिन्हें अपनी जमीन तक पहुंचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और जान का खतरा भी सता रहा है। लोगों का कहना है कि मोहल्ले में अस्थाई तौर पर बांस के खंबे के सहारे विद्युत की आपूर्ति की जा रही है। ऐसे में कभी भी तेज आंधी के चलते बड़ा हादसा हो सकता है। साथ ही शॉर्ट सर्किट का भय हमेशा बना रहता है। हैरानी की बात तो यह है कि इस संबंध में बिजली कंपनी अधिकारियों को जानकारी होने के बावजूद उन्होंने अभी तक मेंटेनेंस नहीं कराया है। जर्जर तार और केबल को जुगाड़ के सहारे जोड़ गांठ करके उनके जरिए पूरे मोहल्ले में विद्युत आपूर्ति कराई जा रही है। इस ध्वस्त व्यवस्था के चलते आए दिन फाल्ट होते रहते हैं। वहीं फाल्ट को सही करने में विद्युत कर्मचारियों को कई घंटे लगते हैं, तब-तक लोगों को बिना बिजली के रहना पड़ता है। रामाधार केंवट, फूलचंद पटेल सड़कपारा मोहल्ले वासी ने बिजली विभाग की अनदेखी से काफी नाराज हैं। मोहल्लेवासी जर्जर केबल को बदलकर नए केबल व विद्युत सप्लाई के लिए लगाए गए बांस के खंभे को हटाकर नए विद्युत पोल लगाने की मांग कर रहे हैं। मोहल्लेवासियों का कहना कि जर्जर होने के कारण केबल के आपस में चिपकने से कई बार शॉर्ट सर्किट हो चुका है इसकी जानकारी भी विभाग दी गई लेकिन अभी तक उनकी मांगो को पूरा नहीं किया जिससे लोगों में विभाग के प्रति आक्रोश व्याप्त है।



प्रशिक्षण में जानकारी देते अधिकारी।

## प्रशिक्षार्थियों को समझाया गया रीडिंग और स्पीकिंग का अंतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

एससीईआरटी रायपुर के निर्देशानुसार एवं जिला कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में जिले के सभी प्राथमिक शाला के एक-एक शिक्षकों का ईएलटीई स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रथम बैच 2 जुलाई से सभी 5 विकास खण्ड में एक साथ प्रारंभ हो गया है।

■ बोलेगा बचपन -इंग्लिश प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

डाइट प्राचार्य बी पी साहू ने बताया कि प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु डीआरजी प्रशिक्षण पूर्व में एससीईआरटी में सम्पन्न हो चुका है। जिले से 6 व्याख्याता, 4 शिक्षक एवं 2 सहायक शिक्षक द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया है। उक्त प्रशिक्षण पूरी तरह से एक्टिविटी आधारित है जिसमें सभी शिक्षक पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण के नोडल एन एल प्रधान और संजय कुमार शर्मा व्याख्याता डाइट द्वारा विकास खण्ड अकलतरा में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन किया, उक्त केन्द्र में 50 प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। श्री प्रधान ने प्रशिक्षार्थियों को रीडिंग और स्पीकिंग का अन्तर विस्तार पूर्वक समझाया। व्याख्याता संजय कुमार शर्मा ने प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षकों को अंग्रेजी विषय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से अंग्रेजी विषय का अध्यापन कराए जाने की बात कही। प्रशिक्षण कार्यक्रम को बीआरसी शैलेन्द्र सिंह बैंस द्वारा संबोधित किया गया। मास्टर ट्रेनर्स ज्योत्स्ना गुप्ता और निकिता सिंह द्वारा सभी प्रशिक्षार्थियों को विभिन्न प्रकार की स्पीकिंग गतिविधियों के द्वारा सीखने को प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के जिला समन्वयक मुनीर जी, शैलजा मैडम, सत्यनारायण यादव का विशेष सहयोग रहा।

## शासकीय प्राथमिक शाला मोहतरा में धूमधाम से मना शाला प्रवेशोत्सव

**केरा।** शासकीय प्राथमिक शाला मोहतरा ( केरा ) में बड़े धूमधाम से शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रीमती सुभद्रा यादव शामिल हुई। उन्होंने शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर नव प्रवेशित विद्यार्थियों को गणवेश और पाठ्य पुस्तक वितरित किए। इस कार्यक्रम में पिछले वर्ष पहली से पांचवीं तक कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। एसएमसी के सदस्यों ने स्कूल परिसर में आम का पौधा लगाकर पर्यावरण को हरा भरा रखने वृक्षारोपण करने का संदेश दिया। एसएमसी अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन की सफलता का पहला राज अनु शासन है। सभी विद्यार्थी पूरी लगन और मेहनत के साथ अनुशासित होकर समर्पण भाव से पढ़ाई करें। प्राथमिक विद्यालय से ही नींव का निर्माण होता है, इसलिए सभी विद्यार्थी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। इस कार्यक्रम में शिक्षक अमित शुक्ला, चंद्रशेखर देवांगन, रामकृष्ण देवांगन व एसएमसी उपाध्यक्ष श्रीमती द्रोपती यादव, सदस्य आशा पटेल, तिहारिन पटेल, लखेश्वरी चौहान, बुधवारा चौहान, संतोषी पटेल, ईश्वरी पटेल, अमृता पटेल, सेवक राम चौहान, पंच गीता राम पटेल फिरूराम पटेल व गणमान्य नागरिक इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद थे।



## आरसेटी बेरोजगारों को दे रहा स्वरोजगार : ज्योत्सना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगारों को स्व रोजगार की दिशा दिखाने में एसबीआई आरसेटी का महत्वपूर्ण भूमिका है। संस्थान द्वारा कई प्रकार की स्व रोजगार, आजीविका गतिविधियों को लेकर निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद

■ तीस दिवसीय ब्यूटीपार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

अधिकतर लोग अपने गांव के अलावा शहरी क्षेत्र में स्व रोजगार स्थापित कर नियमित रूप से आमदनी ले रहे हैं।

उक्त बातें एसबीआई आरसेटी जांजगीर में आयोजित तीस दिवसीय निःशुल्क ब्यूटीपार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक श्रीमती ज्योत्सना सिंह ने ब्यक्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के डायरेक्टर लक्ष्मीनारायण सिंकू ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं, महिलाओं के लिए संस्थान में कई प्रकार की प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर चलाई जा रही है। यहां पर ब्यूटीपार्लर समेत सिलाई कढ़ाई, कम्प्यूटर, मोटर वाइंडिंग, ड्रायविंग, मोबाइल रिपेयरिंग, सेल फोन, फोटोग्राफी, घरेलू विद्युत रिपेयरिंग, अगरबत्ती, मोमबत्ती, मधुमक्खी पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, भेड़ पालन, मछली पालन, मशरूम उत्पादन, कृषि उद्यमी, सब्जी खेती नर्सरी प्रबंधन, आचार, पापड़, मसाला पाउडर निर्माण, कस्टम ज्वैलरी, फ़ास्ट फूड, कोसा रेशम कीट पालन, डेयरी उद्योग, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, पेपर कव्हर लिफाफा आदि 64 प्रकार की निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में फैकेल्टी अरुण कुमार पाण्डेय ने संस्थान की स्थापना और मुख्य उद्देश्यों के बारे में बारे में बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्थानीय जिले के बलौदा ब्लॉक समेत अकलतरा, पामगढ़, नवागढ़, बम्हनीडीह और सक्ती जिले के ग्रामीण क्षेत्र के बिहान की महिलाएं और बेरोजगार युवतियां को शामिल किया गया है।



दीप प्रज्जवलन कर प्रशिक्षण का शुभारंभ करती एसबीआई की शाखा प्रबंधक।

## सहायक राजस्व निरीक्षक को दी गई विदाई

**अकलतरा।** नगर पालिका परिषद में सदस्य सहायक राजस्व निरीक्षक अवध बिहारी तिवारी को उनके सेवा निवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शांति भारते, सीएमओ सौरभ तिवारी एवं उमाकांत भारते की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा अवध बिहारी तिवारी को स्मृति चिन्ह, शाल श्रीफल एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उप अभियंता अशोक कंवर, सहायक राजस्व निरीक्षक देव कुमार निर्मलकर ,लेखापाल अमरदीप विश्वकर्मा ,भरत सिंह चंदेल ,रश्मि चंदवानी, प्रतिभा पांडे, राहुल सिंह चंदेल, कुश यादव एवं नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे।



बिजनेस प्लस

## बाबा बर्फानी एवं मां वैष्णोदेवी दर्शन के लिए रवाना हुआ श्रद्धालुओं का जत्था



**चांपा।** हसदेव यात्रा एवं चांपा सेवा संस्थान द्वारा श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ स्थल अयोध्या सहित नेपाल, केदारनाथ बद्रीनाथ चारधाम धार्मिक यात्रा की अपार सफलता के पश्चात बुधवार 3 जुलाई को व्हाया ट्रैन, फ्लाइट हेलीकॉप्टर द्वारा बाबा बर्फानी अमरनाथ एवं मां वैष्णोदेवी की दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का एक जत्था रवाना हुआ। 3 जुलाई से आरंभ हुई इस अमरनाथ यात्रा के लिए क्षेत्र के श्रद्धालुओं का अच्छा प्रतिसाद मिला। यात्रा के प्रारंभिक चरण में बाबा के भक्त कश्मीर की बर्फीली वादियों के बीच डलझील में शिकारा भ्रमण करते हुए हाउसबोट में विश्राम करेंगे। पर्यटक स्थल गुलमर्ग सोनमर्ग साइड सीन करते हुए 7 -8 जुलाई को अमरनाथ की पवित्र गुफा में हेलीकॉप्टर द्वारा बाबा बर्फानी का साक्षात दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। कटरा स्थित मां वैष्णोंदेवी के दर्शन उपरांत 12 जुलाई को गृहनगर चाम्पा में यात्रा का समापन होगा। पहली बार यात्रा होने के कारण बाबा बर्फानी के श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है।

## तिलक लगाकर बच्चों को दिया गणवेश व पुस्तक

**सक्ती।** शासकीय नवीन प्राथमिक शाला मिल मोहल्ला सोंठी में 26 जून को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जनपद सदस्य अशोक यादव, सरपंच प्रतिनिधि जय प्रकाश डेंसील, सचिवरामनारायण सिदार एवं गांव की माताएं बहनें शाला के प्रधान पाठिका श्रीमती संगीता साहू मैम, श्रीमती अल्का कंवर, श्रीमती अमिता गबेल, सीता टुंडे द्वारा उपस्थित बालक बालिका को तिलक लगाकर और आशीर्वाद देकर, गणवेश तथा पुस्तक वितरण किया गया। बच्चों के लिए बच्चों द्वारा गीत, कविता, एवं डांस मनोरंजन के लिए प्रस्तुत किया गया जिससे सभी बच्चें बहुत खुश हुए।

## सहनशील एवं सरल हिंदू समाज के विरुद्ध टिप्पणी बर्दाश्त नहीं : राधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अखिल भारतीय संत समिति के संयुक्त राष्ट्रीय महामंत्री एंव छत्तीसगढ़ सरकार के राजकीय अतिथि महामंडलेश्वर राधे राधे बाबा दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान बुधवार को कोटमीसोनार के डबरा मठ पहुंचने पर महंत सर्वेश्वर दास द्वारा अतिथियो का सम्मान किया गया।

■ दो दिवीसय प्रवास पर कोटमीसोनार पहुंचे महंत सर्वेश्वर दास ने पत्रकारों से की चर्चा

महामंडलेश्वर राधे राधे बाबा ने पत्रकारो से चर्चा करते हुए कहा संसद में विपक्ष के नेता का हिन्दूओं पर टिप्पणी बर्दास्त करने योग्य नहीं है। उन्होंने पूरे हिन्दू समाज का अपमान किया है इसके लिए उन्हें माफी मांगनी होगी। हिन्दू समाज के खिलाफ कोई ऐसी टिप्पणी नही कर सकता है। हिन्दू एक सहनशील एंव सरल समाज है एवं हिंसा की बात ही नही करता है।हिंदुओ के खिलाफ टिप्पणी पर अखिल भारतीय संत समाज उनके खिलाफ पुतला दहन करेगा। अखिल भारतीय संत समिति छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष महंत सर्वेश्वर दास ने कहा कि हिन्दू समाज को लेकर संसद में बयान से हिन्दू समाज को उकसाने की कोशिश किया जा रहा है जबकि हिन्दू समाज अहिंसा पर विश्वास करता है ऐसे टिप्पणी नहि करनी चाहिए। माफी नही मांगने पर आंदोलन किया जाएगा।इस दौरान पीताम्बरा पीठ बिलासपुर के महामंडलेश्वर दिनेश महाराज , पूर्व संघचालक आरएसएस ओमप्रकाश साहू,बिलासपुर विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज केडिया, विश्व हिंदू परिषद कोटमी सोनार मण्डल प्रमुख शशिकांत सोनी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यकर्ता सुबोध थवाईत, राकेश शर्मा, जय प्रकाश थवाईत उपस्थित रहे।



उपस्थित राजकीय अतिथि महामंडलेश्वर एवं अन्य।

**न्यायालय तहसीलदार शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

भू खंडन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राधाकृष्ण मंदिर गुप्त प्रयागराज धाम छ.ग. मथुरा माली मरार पटेल समाज के ग्राम भोगहापारा में स्थित है। उक्त भूमि का विगत 30 वर्षो से रकबा 0.34 डिसमिल छ.ग. प्रदेश मथुरा माली मरार पटेल समाज द्वारा राधाकृष्ण मंदिर व बरामदा प्रांगण कृष्ण मंदिर क्रं.1 गुप्त प्रयागराज शिवरीनारायण धाम में बसा हुआ है, जो छ.ग. प्रदेश मथुरा माली मरार पटेल समाज द्वारा निर्मित है। उक्त भूमि छ.ग. के नाम पर इंद्राज है। जिसे छग. प्रदेश मथुरा माली मरार पटेल समाज के नाम पर दर्ज करने में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी भी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो वे दिनांक 18/7/24 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पत्र विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

उक्त ईश्तहार न्यायालय की पद मुदा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 3/7/24 को जारी किया गया।

जारी दिनांक 03/07/24
पेशी दिनांक 18/7/24

**तहसीलदार**
**शिवरीनारायण**

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती श्यामा बाई पति बद्रीप्रसाद शर्मा निवासी जगदल्ला चांपा तहसील चांपा जिला जांजगीर-चांपा छ.ग. के नाम एवं स्वामित्व में ग्राम कुरदा प.ह.नं. 03 तहसील चांपा जिला जांजगीर-चांपा छ.ग. में खसरा नं. 1363/23 रकबा 1.80 एकड़ भूमि स्थित है। इस भूमि को मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय करना प्रस्तावित किया गया है तथा क्रेता पक्ष से भूमि को विक्रय करने का पक्का सौदा तय कर अग्रिम बयाना राशि चेक के माध्यम से प्राप्त किया जा चुका है तथा निकट समय में रजिस्ट्री पत्र क्रेता के नाम पर निष्पादित किया जाना है। अतः मेरे पक्षकार द्वारा उक्त वर्णित भूमि के विक्रय पर अथवा विक्रय पत्र निष्पादित किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे निम्न लिखे पते पर अपना प्रतिनिधि अथवा अधिवक्ता के माध्यम से मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा मेरे पक्षकार द्वारा क्रेता के पक्ष में रजिस्ट्री पत्र निष्पादित किया जावेगा।

**स्थानः चांपा**
**दिनांक : 3/7/24**

**आर.के. मनहर**
**अधिवक्ता, चांपा**
**निवास पताः 132 के.वी. कालोनी कोरबा रोड चांपा**
**तहसील चांपा जिला जांजगीर-चांपा छ.ग.**
**मो.नं. 8815415814, 9074929288**

TOP IN JANJGIR

जैन स्वीट्स
लिंक रोड, पारस बाजार के पास, जांजगीर
हमारे यहां पारंपरिक ट्रेडिशनल फैन्सी मिठाई ड्राईफ्रूट मिठाई, छेना, खोवा अन्य छप्पन प्रकार के मिठाई एवं स्वादिष्ट ताजा नमकीन प्राप्त करें।
नास्ता खमन ढोकला, कचौड़ी, फाफड़ा
8889821151, 8871779942

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलोदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

4-July- Jash-Bhoomi pg-3_Layout 1 7/4/2024 7:20 PM Page 1





# अभी नहीं है कोई बब्बर शेर : कबीर

**मुंबई।** कबीर खान ने सलमान खान के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट के बारे में बात की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सलमान खान और कबीर खान ने 'बब्बर शेर' नाम की फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। कैटरीना कैफ के साथ भी कबीर खान के बहुत अच्छे तालमेल हैं। ऐसे में सलमान और कबीर की नई फिल्म को लेकर जैसे ही अफवाहें उड़ीं, फैंस फिल्म में कैटरीना कैफ के होने की उम्मीद लगाने लगे। कबीर खान अब इन अफवाहों पर बात करते हुए इनका खंडन किया है। उन्होंने एक बातचीत में कहा कि ये सब बाजार में अटकलें हैं। अभी कोई बब्बर शेर नहीं है।

## लाइफStyle

# शरवरी
## 'मुंज्या' बनने रोज लगते थे 5 घंटे

एजेंसी ⏭ मुंबई

सिर्फ 30 करोड़ रुपए की लागत में बनी फिल्म मुंज्या बॉक्स ऑफिस पर अभी तक 118 करोड़ 51 लाख रुपए का कलेक्शन कर चुकी है। शरवरी वाघ और अभय वर्मा स्टारर यह फिल्म दर्शकों के दिलों को छूने में कामयाब रही। फिल्म का वो सीक्वेंस फैंस ने खूब एन्जॉय किया।

जब शरवरी वाघ यानि बेला में मुंज्या की आत्मा आ जाती है। इसके बाद उसका चेहरा और उसकी चाल-ढाल सब काफी हद तक मुंज्या जैसा हो जाता है। शरवरी वाघ को फिल्म के लिए मुंज्या वाला लुक लेने में 4 से 5 घंटे तक लग जाया करते थे। शरवरी वाघ ने फिल्म मुंज्या के लिए किए गए प्रोस्थैटिक मेकअप की तस्वीरें और इसका पूरा किस्सा सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। शरवरी वाघ ने इस वीडियो में बताया, 'जब मुंज्या के लिए प्रोस्थैटिक्स किए जा रहे थे तो हर रोज सुबह इसमें पांच घंटे लगा करते थे। सभी प्रोस्थैटिक को एक-एक करके जोड़ा जाता था। इसके बाद पूरे प्रोस्थैटिक मेकअप को हटाने में डेढ़ घंटा लगता था। हमारे पास 5-6 लोगों की एक टीम थी जो लगातार टच में रहती थी, क्योंकि इसमें बहुत छोटी-छोटी डिटेलिंग होती थी। आपको हर चीज को बहुत ध्यान से देखना पड़ता था।' शरवरी वाघ ने बताया कि उन्हें और फिल्म के निर्देशक आदित्य को कई चीजों पर काफी माथापच्ची करनी पड़ी। शरवरी वाघ ने बताया, 'जब मुझमें मुंज्या की आत्मा मेरे शरीर में आ जाती है तब मुझे नहीं पता था कि मुझे अपनी बॉडी लैंग्वेज कैसी रखनी है।



## हॉलीवुड मसाला




# बेवरली हिल्स पर शानदार वापसी

**लॉस एंजिलिस।** करीब 22 साल के रहे होंगे अभिनेता एडी मर्फी जब पहली बार साल 1984 में वह अपने चिर परिचित किरदार एक्सेल फोले के रूप में बड़े परदे पर चमके। फिल्म थी, 'बेवरली हिल्स कॉप' और उन दिनों हॉलीवुड फिल्में इतनी बड़ी तादाद में तो भारत में रिलीज नहीं होती थीं, लेकिन इसके वीएसएच की मांग उन दिनों बहुत हुआ करती थी। अब इस फिल्म फ्रेंचाइजी की चौथी कड़ी सीधे ओटीटी पर रिलीज हुई है। फिल्म देखने के बाद इसे एक बार फिर से बड़े परदे पर देखने का मन भी करता है।




# महिला होकर फिल्म बनाना है मुश्किल...

**लॉस एंजिलिस।** केट विंसलेट को म्यूनिख अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सम्मानित किया गया है। उन्हें सिनेमेरिट पुरस्कार से नवाजा गया है। इस कार्यक्रम में उन्होंने युद्ध फोटोग्राफर ली मिलर पर आधारित फिल्म में अभिनय करने और उसका निर्माण करने को लेकर खुलकर बात की। फेस्टिवल में पुरस्कार को स्वीकार करने के लिए मंच पर आते हुए विंसलेट ने जानकारी दी कि 'ली' की रिलीज को टाल दिया गया है। उन्होंने कहा, 'एक महिला के तौर पर फिल्म बनाना मुश्किल है और महिलाओं के बारे में फिल्म बनाना और भी मुश्किल है। मुझे उम्मीद है कि इस फिल्म के जरिए लोग ली मिलर जैसी असाधारण रूप से महत्वपूर्ण ऐतिहासिक हस्तियों की कहानियों को सुनने के लिए ज्यादा खुले कान और खुली आंखें रखेंगे।' ली मिलर एक मॉडल थीं।



# पाकिस्तानी हीरो संग आएंगी नजर...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर जल्द ही बड़े पर्दे पर पाकिस्तानी अभिनेता के साथ नजर आएंगी। यह एक लव स्टोरी फिल्म होगी, जिसका नाम अभी तय नहीं है। अब एक्टर क्योंकि पाकिस्तानी है तो ऐसे में संभावना इस बात की भी है कि दर्शक कोई बवाल न करें या शूटिंग में कोई खलल न हो। लेकिन, निर्माताओं ने इसका भी इंतजाम कर लिया है। फिल्म की शूटिंग लंदन में होगी।वाणी के साथ जिस पाकिस्तानी अभिनेता की जोड़ी जमने वाली है, वह हैं फवाद खान। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म की कहानी मोहब्बत में धोखा खाए दो लोगों पर आधारित है, जो किस्मत से एक-दूसरे से मिलते हैं। बुरे वक्त में एक-दूसरे की मदद करते हैं और इसी दौरान एक-दूजे के प्यार में पड़ जाते हैं। कहा जा रहा है कि सर्दियों में शुरू होगी।



# 'बेबी जॉन' में सल्लू खास रोल में...

**नई दिल्ली।** एटली फिलहाल अपने प्रोडक्शन में एक नई फिल्म 'बेबी जॉन' की रिलीज के लिए तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म में जहां वरुण के साथ साउथ स्टार कीर्ति सुरेश डेब्यू करने जा रही हैं, वहीं जैकी श्रॉफ, वामिका गब्बी और सान्या मल्होत्रा इसमें नजर आएंगे। अब इसमें सलमान खान के कैमियो की खबरें आ रही हैं। एक रिपोर्ट कहती है कि एटली के प्रोजेक्ट 'बेबी जॉन' में सलमान खान एक खास रोल में नजर आने वाले हैं। वरुण की ये फिल्म एक एक्शन थ्रिलर है और कुछ रिपोर्ट्स कहती हैं कि सलमान भी फिल्म के एक महत्वपूर्ण सीन में वरुण के साथ एक्शन सीक्वेंस में नजर आएंगे। सलमान और वरुण धवन इससे पहले भी साथ में स्क्रीन पर नजर आ चुके हैं। जहां वरुण की 'जुड़वा 2' में सलमान ने कैमियो किया था।

## टीवी मसाला

# 'मिस्टर हाथी' ने क्यों ठुकराया था यशराज फिल्म्स का ऑफर?

**नई दिल्ली।** पॉपुलर टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में डॉ हंसराज हाथी का किरदार निभाने के लिए जाने जाने वाले एक्टर निर्मल सोनी ने हाल ही में खुलासा किया कि उन्होंने एक फिल्म को रिजेक्ट कर दिया था जो उन्हें आदित्य चोपड़ा की प्रोडक्शन कंपनी यश राज फिल्म्स द्वारा ऑफर की गई थी। उन्होंने खुलासा किया कि वह इस ऑफर पर साइन करने के लिए एक्साइटेड क्यों नहीं थे। जब उनसे पूछा गया कि वह बड़े पर्दे पर या वेब सीरीज में कब नजर आएंगे, तो एक्टर ने कहा, 'मुझे बहुत सारे ऑफर मिल रहे हैं। हाल ही में मुझे यशराज फिल्म्स से ऑफर मिला है। लेकिन इन दिनों फिल्मों की शूटिंग एक ही बार में की जाती है। यशराज फिल्म के लिए उन्होंने मुझे लगातार 45 दिनों तक फ्री रहने के लिए कहा, मैं इतने दिनों तक टीवी शो से दूर नहीं रह सकता।' 'तारक मेहता का उलटा चश्मा' में 'डॉक्टर हाथी' का रोल निभाने वाले अभिनेता कवि कुमार आजाद का 9 जुलाई को हॉर्ट अटैक से निधन हो गया था। कवि कुमार आजाद के निधन के कुछ दिन बाद शो के मेकर्स ने रिप्लेसमेंट में निर्मल सोनी को फाइनल किया गया था।



# गिरती टीआरपी की वजह से इस महीने इन शोज पर लगेगा ताला?

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया में रोजाना कई नए सीरियल्स आते-जाते रहते है। इनमें से कुछ की कहानी दर्शकों को खूब पसंद आती है और ये शोज सुपरहिट हो जाते हैं। लेकिन कई शोज ऐसे भी हैं जिनकी कहानी दर्शकों को एकदम पकाऊ लगती है और इस वजह से इन सीरियल को दर्शक देखना बंद कर देते हैं। नतीजा ये होता है कि इन सीरियल्स की लगातार टीआरपी गिरती रहती है। इस महीने पर कई सीरियल्स ऐसे हैं जिनका पैकअप हो सकता है। जी हां, इस लिस्ट में आपके फेवरेट सीरियल्स का नाम भी हो सकता है। 'उड़ारिया' शो दर्शकों को काफी पसंद आया था। इस सीरियल की कहानी से लेकर स्टारकास्ट तक हर किसी ने दर्शकों के दिलों पर एक अलग ही छाप छोड़ी थी। टीआरपी के मामले में भी इस शो ने बाजी मार ली थी। लेकिन 'उड़ारिया' में जबसे लीप आया और स्टारकास्ट में बदलाव आया है, तब से इस शो का एंगल दर्शकों को खास पसंद नहीं आ रहा है।




# जवान-केजीएफ को पछाड़ 'कल्कि 2898 एडी' ने तोड़े आठ रिकॉर्ड...

**मुंबई।** कल्कि 2898 एडी सिनेमाघरों में खूब पसंद की जा रही है। यही वजह है कि प्रभास की फिल्म देश ही नहीं, दुनियाभर में नए-नए रिकॉर्ड कायम कर रही है। कल्कि 2898 एडी दुनियाभर के सिनेमाघरों में धूम मचा रही है। फिल्म बंपर कमाई कर रही है और कहानी लोगों को खूब पसंद आ रही है। इस फिल्म में 6000 साल बाद होने वाली घटना को दिखाया गया है। फिल्म में 81 साल की उम्र में अमिताभ बच्चन ने जो कमाल दिखाया वो सबको पसंद आ रहा है। फिल्म एक के बाद एक कई रिकॉड्र्स अपने नाम कर रही है। अब तक फिल्म ने करीब 8 रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं। बुक माई शो पर कल्कि 2898 एडी ने यश की केजीएफ चैप्टर 2 के मुकाबले ओपनिंग वीकेंड में ज्यादा टिकट बेचने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है।पहले वीकेंड पर कल्कि ने दुनियाभर में पचरम लहराया। फिल्म ने ग्लोबली 555 करोड़ का कलेक्शन करके जवान को पछाड़ दिया। इसके अलावा कल्कि वीकेंड पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बन चुकी है। विदेश में अपना परचम लहराते हुए कल्कि ने कनाडा में सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली तेलुगू फिल्म बन गई। वहीं, मलेशिया में प्रभास कल्कि के जरिए अपनी ही फिल्म सालार का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए तैयार हैं। जर्मनी में कल्कि ने साहो, आरआरआर, ब्रह्मास्त्र और केजीएफ 2 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। कल्कि ने अपना जादू अमेरिका में दिखाते हुए वीकेंड पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म का रिकॉर्ड बनाया।





# पत्नी शूरा के साथ अस्पताल के बाहर नजर आए अरबाज

*मुंबई। अरबाज खान ने शूरा ने पिछले साल शादी की दिसंबर में। दोनों सोशल मीडिया पर एक-दूसरे पर खूब प्यार लुटाते रहते हैं। इसके अलावा दोनों लंच या डिनर डेट पर भी जाते रहते हैं। अब शूरा और अरबाज को बीती शाम यानी कि मंगलवार शाम को अस्पताल के बाहर स्पॉट किया गया। दोनों एक-दूसरे का हाथ पकड़कर अस्पताल से बाहर आ रहे थे। इसके बाद दोनों ने पैपराजी के सामने पोज दिए। इतना ही नहीं जब पैपराजी ने उनसे पूछा कि क्या गुड न्यूज है? तो अरबाज चुप रहे, लेकिन शूरा ना बोलेकर वहां से स्माइल करते हुए चली गईं। इस दौरान शूरा ने क्रॉप टॉप और एक शर्ट पहनी थी, डेनिम शॉर्ट्स के साथ। वहीं अरबाज भी कैजुअल लुक में दिखे। वीडियो पर लोगों के काफी फनी कमेंट्स आ रहे हैं। किसी ने लिखा कि लगता है परिवार बड़ा होने वाला है। तो किसी ने लिखा ये आप लोग खुशखबरी पूछ-पूछकर उनसे बेबी करवा ही लोगे। वहीं एक ने लिखा कि दोनों साथ में अच्छे लगते हैं। दोनों के बीच बहुत प्यार है। अरबाज और शूरा ने सालभर की डेटिंग के बाद दिसंबर 2023 में शादी की। दोनों की शादी सभी के लिए शॉकिंग थी क्योंकि किसी को उनके रिलेशन की भनक नहीं पड़ी थी।*

## ज्योतिष शास्त्र को मानते हैं ये फिल्मी सितारे

# नकारात्मक एनर्जी से भी निजात पाने के लिए टोटके का लेते हैं सहारा

*नई दिल्ली। लोगों के अंदर किसी न किसी चीज को लेकर डर होता है और इस डर से निजात पाने के लिए हम कई तरह की चीजों का सहारा लेते हैं। कई लोग तो टोने टोटके जैसी चीजों पर भरोसा करते हैं। आज के दौर में भी कई लोग ऐसे हैं जो अंधविश्वासी हैं और समस्या से निजात पाने के लिए टोने टोटके जैसी चीजों का सहारा लेते हैं। इंडस्ट्री में भी ऐसे कई ऐसे सितारे हैं, जो मॉर्डन होने के बाद भी इन सब चीजों पर भरोसा करते हैं। कई सितारे हैं, जो अपने अंदर का डर खत्म करने और नकारात्मक एनर्जी से भी निजात पाने के लिए टोटके का सहारा लेते हैं।*



**अमिताभ बच्चन :** सदी के महानायक अमिताभ बच्चन का नाम इस लिस्ट में शामिल है। अमिताभ बच्चन ज्योतिष में काफी मानते हैं। उन्हें अक्सर नीलम, पन्ना और ओपल जैसे रत्नों की अंगूठियां पहने हुए देखा जाता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन्हीं रत्नों की वजह से बिग बी को कई परेशानी भरे दौर से निकलने में मदद मिली है।



**शाहरुख खान :** बॉलीवुड किंग शाहरुख खान का नाम इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर आता है। शाहरुख खान भी इन सब चीजों पर काफी भरोसा रखते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक किंग खान ने ज्योतिष शास्त्र को मानते हुए, अपनी सभी गाड़ियों का नंबर 555 रखा है।



**एकता कपूर :** टीवी क्वीन एकता कपूर का नाम इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर आता है। इस बात से तो कोई अंजान नहीं होगा कि वह अपने हाथों में कई रत्नों की अंगूठियां पहनती हैं। वह ज्योतिष शास्त्र पर काफी भरोसा करती हैं।

**रणबीर कपूर :** बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। वह भी इन सब चीजों में काफी मानते हैं। रणबीर कपूर आठ नंबर को अपने लिए बेहद लकी मानते हैं।



**रणवीर सिंह :** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह का नाम भी इन सितारों में शामिल है। रणवीर भी ज्योतिष में काफी मानते हैं। रणवीर सिंह अपने पैर में हमेशा काला धागा बांध कर रखते हैं। ताकि उन्हें लोगों की बुरी नजर न लगे। इसकी कई तस्वीरों में भी उनके पैर में काला धागा दिखाई दिया है।

**खबर संक्षेप**

## जनपद प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला में बच्चों का हुआ स्वास्थ परीक्षण



**बलौदा।** चिरायु टीम द्वारा जनपद प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला में छात्र- छात्राओं का स्वास्थ परीक्षण किया गया। सर्दी बुखार से प्रभावित छात्रों को दवाई प्रदान किया गया। आंख व अन्य समस्या वाले छात्रों की जांच प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र बलौदा में करने सुझाव दिया गया। प्रधान पाठक नरेश गुरुद्वान ने बताया कि प्रतिवर्ष छात्रों का हेल्थ चेकअप किया जाता है। डॉ शुभ्रा मिश्रा, रवि पटेल, कल्पना धीरही द्वारा परीक्षण किया गया। प्रधान पाठक नरेश गुरुद्वान, लक्ष्मी देवांगन, सुप्रिया, पुरुषोत्तम कश्यप, मनोज, सुरेश ने सहयोग प्रदान किया।

## आकस्मिक मृत्यु पर 4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**सक्ती।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड-6 क्रमांक 4 परिशिष्ट एक प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अनुदान के लिए निर्धारित मापदंडों तथा दरों के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी गई है। डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार से प्राप्त जानकारी अनुसार सक्ती जिले के तहसील सक्ती अंतर्गत वार्ड नंबर 03 राजापारा सक्ती निवासी मृतक स्वर्गीय श्रीमती तिहारिन बाई को सर्प काटने के कारण मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस मृतक के भतीजा संजय कुमार पिता घसिया राम ढीमर को चार लाख रूपये भुगतान किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## शबरी देवी शिक्षण समिति ने किया बोर्ड मेंबर का सम्मान



**खरौद।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के संचालन समिति शबरी देवी शिक्षण समिति एवं आचार्य परिवार द्वारा चंद्रकांत तिवारी भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला उपाध्यक्ष जांजगीर चांपा को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के नव नियुक्त सदस्य बनाए जाने पर शबरी देवी शिक्षण समिति के सचिव प्रमोद सोनी ने बधाई देते हुए छात्र हित में निर्णय लेने का अनुरोध किया। उक्त सम्मान समारोह में शबरी देवी शिक्षण समिति के उपाध्यक्ष महेश कुमार सोनी, सह सचिव धनसाय यादव, कोषाध्यक्ष विवेक सोनी, सदस्य मनोहर देवांगन, शिवरात्रि यादव, योगेंद्र सोनी, प्राचार्य रामकुमार साहू, प्रधानाचार्य सदानंद यादव उपस्थित थे।

## निधन

### चनामती नारंगे

**डोंगाकोहरौद।** ग्राम पंचायत भिलौनी की प्रतिष्ठित महिला श्रीमती चनामती नारंगे का 27 जून को निधन हो गया। वे 69 वर्ष की थी। वे अपने पीछे एक पुत्र एवं एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन एवं सजातीय बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### तेरसराम यादव

**तनौद।** ग्राम पंचायत तनौद के प्रतिष्ठित नागरिक तेरसराम यादव का 25 जून को निधन हो गया। वे अपने पीछे चार पुत्र एवं एक पुत्री समेत भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र गोपाल कृष्ण यादव ने दी। उनके अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।



### कलेक्टर ने भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान का किया निरीक्षण

# कोसा की पहचान देश-विदेश में, मिलकर करेंगे बेहतरी के लिए कार्य : छिकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ग्रामोद्योग बोर्ड के तहत हस्तशिल्प, रेशम, खादी, हथकरघा, उद्योग विभाग के विभिन्न घटकों के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति के सम्बंध में कलेक्टर आकाश छिकारा ने गुरुवार 4 जुलाई को जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को विभाग में संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने एवं लाभान्वित हितग्राहियों के आय में वृद्धि करने के लिए व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही उनके उत्पादों का मूल्य संवर्धन कर उन्हें विक्रय के लिए बाजार उपलब्ध कराने के लिए कहा। इस हेतु हितग्राहियों को आवश्यक सुविधाएं, उपकरण एवं प्रशिक्षण भी दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिले की पहचान कोसा है और इसकी बेहतरी के लिए प्रशासन के साथ ही कोसा से जुड़े बुनकर, हटकरघा उद्योग से जुड़े व्यवसायी समन्वय बनाकर कार्य करेंगे। उन्होंने इस दौरान विभागीय योजनाओं से लाभांवित हुए हितग्राहियों से उनके कार्यों एवं उनकी समस्याओं के सम्बंध में चर्चा की। इस दौरान स्टॉक होल्डर, बुनकर, धागाकरण, कृमिपालन हितग्राहियो से की चर्चा करते हुए सुझाव भी लिए। कलेक्टर ने सभी हितग्राहियों को अपने कला कौशल को और निखारने एवं अच्छे से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी देने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि हितग्राही विभागीय योजनाओं का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाए। उन्होंने कहा कि जिले में कोकून के उत्पादन को बढ़ाने के लिए रेशम विभाग द्वारा कार्य किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने संस्थान के द्वारा दिए जा रहे पाठ्यक्रम की जानकारी भी ली। उन्होंने जकार्ड प्रयोग शाला कक्ष, पावरलूम, हेण्डलूम के तहत संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, एसडीएम चांपा नीरनिधि नंदेहा, सहायक संचालक हाथकरघा, सहायक संचालक रेशम विभाग, जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी व्यवासायी एवं हितग्राही उपस्थित थे।

- स्टॉक होल्डर, बुनकर, धागाकरण, कृमिपालन हितग्राहियो से की चर्चा



निरीक्षण करते कलेक्टर आकाश छिकारा।

## कुलीपोटा में मत्स्य पालन कार्य का किया निरीक्षण

कलेक्टर आकाश छिकारा ने कुलीपोटा में मत्स्य पालन के कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मछुआ सहकारी समितियों के सदस्यों को प्रशिक्षण देने और हेचरी का भ्रमण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान सहायक संचालक मत्स्योद्योग श्री उमाशंकर भी मौजूद थे। कलेक्टर आकाश छिकारा ने मत्स्य पालन विभाग द्वारा कुलीपोटा हेचरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिले में मत्स्य प्रक्षेत्र केंद्रों के बारे में जानकारी ली। कुलीपोटा स्थित इस प्रक्षेत्र की पूरी कार्य प्रणाली और केंद्र में तैयार किए जाने वाले बीज, उनके वितरण की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान हेचरी में प्रत्येक चरण में तैयार बीज, तालाब में मत्स्य पालन के कार्य को देखा। उन्होंने कहा कि मत्स्य प्रक्षेत्र जिले के अच्छे प्रक्षेत्रों में से एक है। जिले में तालाब, नदी में मछली पालन के माध्यम से इसका फायदा उठाए। केंद्र में उपयोग में लिए जाने वाले पानी की पाइप लाइन का निरीक्षण किया। सहायक संचालक मत्स्य ने प्रति वर्ष जिले में बीज तैयार करने, मत्स्य पालन करने वाले किसानों को शासकीय दर पर दिए जाने वाले बीज विक्रय की जानकारी दी। सहायक संचालक मत्स्य ने बताया कि कतला, रोहू तथा अन्य वैरायटी की मछली शामिल है। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



कीचड़ से सराबोर सड़क।

# कीचड़ युक्त सड़क पार कर स्कूल जाने बच्चे मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

ग्राम पंचायत देवरी के रेल्वे फाटक से रेल्वे स्टेशन, हायर सेकेण्डरी, मिडिल स्कूल तक लगभग एक किलोमीटर सड़क जर्जर हो गया है। जर्जर, कीचड़ युक्त सड़क को पार कर बच्चे स्कूल जाने को मजबूर है। सड़क कीचड़ से सरोबोर स्कूली बच्चे व आम लोगो को आने जाने में परेशानी हो रही है।

- मरम्मत को लेकर ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों को कराया अवगत

गौरतलब है कि जनपद पंचायत बम्हानीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी के रेल्वे फाटक से रेल्वे स्टेशन, हायर सेकेण्डरी, मिडिल स्कूल तक लगभग एक किलोमीटर तक की सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गया है। सड़क बड़े-बड़े गढ्ढे में तब्दील हो गया है। बारिश होने पर सड़क पूरी तरह से कीचड़ युक्त हो जा रहा है और गढ्ढे में पानी भरे रहता है। इस कीचड़ युक्त सड़क से हाई स्कूल , हायर सेकंडरी व मिडिल स्कूल के बच्चे को आने जाने में भारी परेशानी तो हो ही रही इसके साथ रेल्वे स्टेशन से ट्रेन पकड़ने वाले आस पास क्षेत्र के आम जनताओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेल्वे विभाग द्वारा चौथी लाइन बिछाने के लिए मिट्टी मुरूम का काम कराया जा रहा है। जहां इस सड़क से बड़े बड़े हाईवा गाड़ी चल रहा था जिसके चलते इस सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। जहां गांव के लोगो ने उच्चाधिकारियों का ध्यान आकर्षित कर युक्त जर्जर सड़क को मरम्मत कराने की मांग किया गया है। जिससे स्कूल आने जाने वाले बच्चों को परेशानी न हो ।

# बिना अनुमति जगह-जगह डंप राखड़ में फंस रहे मवेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर

शासकीय नियमों को दरकिनार कर कंपनियों से व्यक्तिगत लाभ को ध्यान में रखकर राखड़ उठाव कर ट्रांसपोर्टरों के द्वारा गांव के चौक चौराहे सार्वजनिक स्थल या सड़क किनारे अवैधानिक तरीके से राखड़ डम्प किए जाने का दुष्परिणाम सामने आने लगा है। बारिश होने पर मवेशी दल-दल में फंस रहे है।

वर्तमान में पानी गिरने की वजह से राखड़ दलदल के रूप में तब्दील हो गया, जिसके चलते गांव के अनेकों मवेशी उसमें फंसकर जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष करते देखे जा रहे है। कुछ इस तरह की स्थिति जैजैपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत आमगांव में देखने को मिली। यहां डंप राखड़ में मवेशी फंस गया। उन मवेशियों पर सुबह बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं की नजर पड़ी। तब उन्होंने एक जुट होकर दशरथ चंद्रा की नेतृत्व में दलदल में जाकर रस्सी के जरिए मवेशियों को बारी बारी खींचकर बाहर निकाला तब कहीं जाकर मवेशियों की जान बची। इस ओर नरेंद्र साहू, घनश्याम, मोहन किशोर चन्द्रा, राहुल, डोरी लाल चंद्रा, यश चंद्रा, अमन, अजय कई घंटे के अथक प्रयास से मवेशी को दलदल से रेस्क्यू कर बाहर निकलने में कामयाबी मिली। जगह-जगह राखड़ डंप करने वाले तत्वों पर अपना विरोध प्रकट करते हुए कहा कि गांव की जिम्मेदार जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों को रखड़ डंप में होने वाले नुकसान को ध्यान में रखकर समय पूर्व सुरक्षा के उपाय की जानी चाहिए। साथ ही पंचायत के बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं राजस्व अधिकारियों के बगैर अनुमति के जगह-जगह रखड़ डंप किए जाने वाले ट्रांसपोर्टर पर सख्त-सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।



दलदल में फंसे मवेशी को बाहर निकालते कार्यकर्ता।

# पांच दिवसीय अंग्रेजी प्रशिक्षण का बीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

प्राथमिक शाला शिक्षको के लिए पांच दिवसीय स्पोकन सह अंग्रेजी प्रशिक्षण का आयोजन बीआरसी भवन में किया जा रहा है। गुरुवार 4 जुलाई को बम्हनीडीह बीईओ एम डी दीवान ने निरीक्षण किया। स्कूलों में स्पोकन इंग्लिश हेतु बेहतर माहौल बनाने के लिए प्राथमिक स्कूलों के शिक्षको को अंग्रेजी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर अश्विनी राठौर और करुणा साहू के द्वारा विभिन्न गतिविधियों जैसे कविता, कहानी,खेल एवं रोल प्ले आदि के माध्यम से शिक्षको को अंग्रेजी बोलना सीखाया जा रहा है ताकि शिक्षक अपने विद्यार्थियों को रोचक ढंग से अंग्रेजी सीखा सकें । शिक्षक भी बहुत उत्साह के साथ अंग्रेजी सीख रहे है। प्रशिक्षण के दौरान बम्हनीडीह बीईओ एम डी दीवान ने अंग्रेजी के महत्व को बताते हुए कहा कि आज के समय में अंग्रेजी बहुत जरूरी है । आजकल सभी बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे है उच्च शिक्षा के लिए अंग्रेजी बहुत जरूरी है। इसके लिए हमे प्राथमिक स्तर से ही शुरुवात कर देना चाहिए। हमे स्कूल में बच्चो के साथ बातचीत के दौरान अंग्रेजी के छोटे-छोटे शब्दो और वाक्यों को इस्तेमाल करना चाहिए। बीआरसी हीरेन्द्र बेहार ने कहा कि सभी शिक्षक प्रशिक्षण में बताए जा रहे बारीकियों को ध्यान से सुने और अपने स्कूलो में पालन करे। अंग्रेजी प्रशिक्षण में अंग्रेजी बोलने के लिए सभी शिक्षको को अवसर दिया जा रहा है।



निरीक्षण के दौरान जानकारी देते बीईओ।

# खेत देखने गए किसान को सांप ने डसा, हुई मौत

**बिर्रा।** गुरुवार की सुबह अपने खेत में धान को देखने के लिए गए किसान को सांप ने डस लिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नगर के भांठापारा निवासी जगरतन श्रीवास 65 वर्ष पिता तिहारूराम श्रीवास सेलून का धंधा करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है। हर रोज की तरह गुरुवार की सुबह 6 बजे जगरतन अपने साथ रापा को लेकर केरा रोड़ ननकी पुल के पास अपने खेत को देखने के लिए गया था। रापा से मेड़पार के घास फूस को सफाई सफाई कर रहा था। इसी बीच जहरीले सांप ने उसके हाथ में डस लिया, जिससे जगरतन श्रीवास खेत में पड़ा रहा। इसी बीच मरारमुहल्ला के कृषक मनहरण लाल पटेल अपने खेत को देखकर घर लौट रहा था। इसी बीच खेत में पड़े जगरतन श्रीवास पर नजर पड़ी तो उसके होश उड़ गए। उसने जगरतन के शरीर को हिलाया, परन्तु कोई हलचल नहीं होने पर अपने पीठ मे लादकर किसी तरह केरारोड़ ननकी पुल मुख्य सड़क तक पहुंचा। यहां देखते ही देखते लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। आनन फानन में उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना मिलने पर शव को अपने कब्जा में लेकर पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह भेजा गया, जहां शव विच्छेदन के बाद परिवार को सौंपा गया।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी : मसीह

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय विद्यालय चांपा में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों व शिक्षकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाना और विद्यालय परिसर को हरियाली से आच्छादित करना था।

- स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित, लगाए गए फलदार एवं छायादार पौधे

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य निखिल मसीह द्वारा की गई। उन्होंने पौधे के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं और जलवायु संतुलन बनाए रखते हैं। पौधरोपण न केवल पर्यावरण के लिए आवश्यक है, बल्कि यह हमारी भावी पीढ़ियों के लिए एक स्थायी और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शिक्षक रविंद्र द्विवेदी ने कहा कि पौधरोपण एक ऐसा कार्य है जो हमें तत्काल और दीर्घकालिक लाभ देता है। विद्यालयों में इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं और उन्हें प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान, विभिन्न प्रकार के पौधे जैसे बिही,आंवला, सीताफल, नीम, पीपल, गुलमोहर, और आम के पौधे लगाए गए। प्रत्येक कक्षा को एक विशेष क्षेत्र सौंपा गया, जहां छात्रों ने उनकी देखभाल की जिम्मेदारी ली। शिक्षक अजय अग्रवाल ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए बहुत खास है। हमने जो पौधे लगाए हैं, वे हमारी देखभाल और प्यार से बड़े होंगे। हम अपने पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लेते हैं। पौधरोपण के अंत में, शिक्षिका श्रीमती रूपाली राठौर ने सभी लोगों का धन्यवाद किया और इस प्रकार के कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि पौधरोपण की इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए विद्यालय प्रशासन पूरी तरह से संकल्पित है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। पौधरोपण कार्यक्रम अवसर पर विद्यालय के शिक्षक रविन्द्र द्विवेदी, श्रीमती वर्षा तिवारी, प्रतिभा जांगड़े, अजय अग्रवाल, श्रीमती रूपाली राठौर, छात्रों में तुषार, कुनाल, तिलक कुनाल आदर्श हर्ष ओंकार, चन्दरेश, प्रभात, संस्कार विशेष रूप से उपस्थित थे।



पौधरोपण करता स्कूल स्टाफ।

